# ब्राजील की कंपनी एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाएगी

**अमर उजाला ब्यूरो**

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए मंत्री समूहों के विदेशी दौरों में मिले निवेश प्रस्ताव अब एमओयू में बदलने लगे हैं। मैक्सिको, ब्राजील और अर्जेंटीना में हुए रोड शो के दौरान मिले 13 निवेश प्रस्ताव में से छह पर एमओयू हो गए हैं। इसमें ब्राजील की कंपनी यूपी में एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाएगी। इसके साथ ही अपशिष्ट प्रबंधन और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र समेत प्रदेश में कुल 1725 करोड़ का निवेश होगा। इससे करीब 4200 लोगों को रोजगार मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद के नेतृत्व में बीते माह मेक्सिको, ब्राजील व अर्जेंटीना गए प्रतिनिधिमंडल को 2,975 करोड़ रुपये के 13 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। मैक्सिको की कंपनी ग्रुपो बिंबो यूपी में खाद्य प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना पर

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

## मैक्सिको, ब्राजील व अर्जेंटीना की कंपनियों के साथ हुए 1725 करोड़ के एमओयू

### 4200 रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे 500 युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। मैक्सिको की ही कंपनी द हॉकिंसन ग्रुप अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट लगाने के लिए 500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 1000 युवाओं को रोजगार मिलेगा। एयरक्राफ्ट निर्माण का प्लांट लगाने के लिए ब्राजील की कंपनियां अकेर 300 और अंबेर 500 करोड़ का निवेश करेंगी। इस निवेश से 2200 रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अर्जेंटीना की खाद्य प्रसंस्करण की दो कंपनियों ने एमओयू किया है। अर्कोर कंपनी सौ करोड़ व क्रेसूड कंपनी 75 करोड़ का निवेश करेगी। इस निवेश से पांच सौ लोगों को रोजगार मिलेगा।

### यूपी में एकीकृत टाउनशिप के लिए 3000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी कंपनी

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' उत्तर प्रदेश में एकीकृत टाउनशिप विकसित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी में बुधवार को बयान में कहा कि उसने उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक सम्मेलन-2023 से पहले प्रदेश में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का फैसला किया। अभिनंदन लोढ़ा की अगुआई वाली लोढ़ा वेंचर्स की इकाई अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में आवासीय परियोजनाएं पेश करेगी। कुल राशि में से 1,200 करोड़ रुपये का निवेश सिर्फ अयोध्या में किया जाएगा। एजेंसी